वर्ष:- 06
अंक:- 117
मुरादाबाद
(Tuesday)
18 August 2026
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## केरल का नाम बदलकर हुआ 'केरलम', राष्ट्रपति मुर्मू ने दी विधेयक को मंजूरी



केरल का नाम बदलकर केरलम करने वाले विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। संसद के दोनों सदनों के बाद राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है।केरल का नाम बदलकर %केरलम% हो गया है। दरअसल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज केरल का नाम बदलकर %केरलम%करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। लोकसभा ने केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को मंगलवार को मंजूरी दी थी। इसके बाद अगले दिन यानी बुधवार को राज्यसभा ने भी इसे पारित कर दिया था। गृह राज्यमंत्री ने राज्य सभा में क्या कहा था? राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा था कि केरल विधानसभा ने 2024 में एक प्रस्ताव पारित किया था। इसमें केंद्र सरकार से राज्य का नाम बदलकर %केरलम% करने के लिए कानून बनाने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा, इस विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि केरल राज्य को अब केरलम राज्य के नाम से जाना जाएगा। इसलिए केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम करने का प्रस्ताव है। केरल सरकार ने जून 2024 में राज्य विधानसभा से पारित नाम बदलने से जुड़ा प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने विधेयक पर राज्य विधानसभा की राय जानने के लिए इसे विधानसभा के पास भेजा। इसके बाद विधानसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर विधेयक से सहमति जताई।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकाल परिसर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर में भगदड़ से छह घायल, हरसिद्धि मंदिर में भी 13 की तबीयत बिगड़ी

उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर में भगदड़ में छह श्रद्धालु घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, हरसिद्धि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र में भीड़ का दबाव बढ़ने से करीब 13 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई।महाकाल मंदिर परिसर स्थित श्रीनागचंद्रेश्वर मंदिर में सोमवार सुबह दर्शन के लिए लगी कतार में करंट फैलने की अफवाह के बाद भगदड़ मच गई। नीलकंठ द्वार के पास हुई भगदड़ में करीब छह श्रद्धालु घायल हो गए। जबकि हरसिद्धि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र में भीड़ का दबाव बढ़ने से 13 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। घायलों और बीमार श्रद्धालुओं को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कई श्रद्धालु घायल, चरक अस्पताल भी ले जाया गया- घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए चरक अस्पताल ले जाया गया। उज्जैन, सागर पुत्र मनीष उम्र 19 वर्ष निवासी किशनपुरा उज्जैन, लक्ष्मीबाई निवासी ढांचा भवन उज्जैन, अनसूया और उनकी मां ममता दोनों निवासी गंजबासौदा, हरिश्चंद्र निवासी ग्राम सिलवासा, वापी गुजरात, सोनम उम्र 18 वर्ष निवासी ग्वालियर, सुजीत कुमार निवासी दरभंगा बिहार, खुशी निवासी ग्वालियर तथा तुलसी और उनकी मां रेखाबाई दोनों निवासी वलसाड गुजरात शामिल हैं।भगदड़ जैसी स्थिति के दौरान बैरिकेड्स से टकराने के कारण हरिश्चंद्र के पैरों में गंभीर चोट आई है।

## 'लूट उनकी होती थी, गाली आप खाते थे', कोटेदारों को सीएम योगी की सौगात;कमीशन भी बढ़ा

यूपी में कोटेदारों के फीडबैक की निगरानी अब ई-पॉस से होगी। इसके शुभारंभ पर सीएम योगी ने कहा कि पहले 'कोटेदार' शब्द से ही लोगों को चिढ़ होती थी। अब बदलाव आया है।राजधानी लखनऊ में सोमवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के तहत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने बटन दबाकर उत्तर प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में हुई वृद्धि (90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल) का उपहार दिया। कहा कि मार्जिन मनी में 35 रुपये की वृद्धि (10 रुपये केंद्र सरकार व 25 रुपये राज्य सरकार) से आपने लंबी छलांग लगाई है। हमने 25 रुपये और बढ़ाने के लिए भारत सरकार को पत्र लिखा है। समय लगेगा, लेकिन यह कार्य हो गया तो आपके लिए और भी अच्छी व्यवस्था होगी। सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों की समस्याओं को सुना। मां अपनी बच्चे की खुशियों के लिए हर बाधा को पीछे छोड़ देती है। यह सोमवार को भी चरितार्थ हुआ, जब मूसलाधार बारिश में अपने बच्चे को लेकर सीतापुर की रोली 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी पीड़ा बताई, कहा कि उनका बच्चा थैलेसीमिया से पीड़ित है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। यह सुन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चे के सिर पर हाथ फेरा और उसे शीघ्र स्वस्थ होने का आशीर्वाद दिया। फिर इलाज के लिए तत्काल एस्टिमेट मंगवाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीएम से यह आश्वासन पाकर रोली की आंखों में चमक आ गई। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए निरंतर दी जा रही आर्थिक सहायता- 'जनता दर्शन' में बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता का अनुरोध लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा देते हुए कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं बनेगी, सरकार निरंतर आर्थिक सहायता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए धनराशि दी जाएगी। सीएम योगी ने कोटेदारों से अपील की कि वह कार्य करिये, जिसमें सम्मान हो। जिसमें सम्मान न हो, वह कार्य कभी नहीं करना चाहिए। इससे पीढ़ियां खराब होती हैं, उन पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

अब कोई आप पर अंगुली नहीं उठा सकता। 2017 के पहले सपाई गरीब का राशन कार्ड अपने घर में रख लेता था, इससे वह भूख से मरता था। अब ऐसी स्थिति नहीं है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिये प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को लगातार नि:शुल्क राशन मिल रहा है। निराश्रितों/दिव्यांगों का राशन घर तक पहुंचाने की व्यवस्था हो रही है। दो करोड़ परिवारों को फ्री में रसोई गैस के कनेक्शन, 1.53 करोड़ परिवारों को फ्री में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। राशन की 10 हजार दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में स्थापित किया गया है। सीएम ने कहा कि आप 2017 से पहले भी मेहनत करते थे, लेकिन शासन राशन नहीं भेजता था तो गाली आपको खानी पड़ती थी। उनकी लूट का खामियाजा आपको भुगतना पड़ता था। लोग शक की निगाहों से देखते थे। कोटेदार शब्द से ही लोगों को चिढ़ सी होने लग गई थी। गलती आपकी नहीं थी। पाप कोई करता था, भुक्तभोगी कोई और होता था। उस समय सत्तासीन लोगों की नीयत में खोट था। उनके भ्रष्ट आचरण की आंच से चाहकर भी आप स्वयं को बचा नहीं सकते थे, जिससे उस समय यूपी की 20-22 करोड़ की आबादी शक की निगाहों से देखी जाती थी। सीएम ने कहा कि उचित दर विक्रेता से जुड़ी दुकान को अन्नपूर्णा भवन के रूप में निर्मित किया जा रहा है। इस वर्ष इस मद में 500 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहां दुकान व गोदाम की भी व्यवस्था होगी। पहले आप केवल राशन की ही बिक्री कर पाते थे, लेकिन अब 39 ऐसे आइटम हैं, जिन्हें आप अपनी दुकानों से बेच सकते हैं बशर्ते वह नशीले/ज्वलनशील पदार्थ या देश/समाज के प्रतिकूल आचरण से जुड़े सामान न हों। सीएम ने कहा कि पहले सरकार ही लूट मचाती थी तो परिवर्तन कैसे हो पाता। फेयर प्राइस शॉप संचालकों को कोसने भर से परिवर्तन नहीं होता। प्रदेश में अब खाद्य व रसद विभाग में भी व्यापक रिफॉर्म हुआ है। 2017 में जनता दर्शन में यदि हजार प्रार्थना पत्र आते थे तो इसमें से लगभग 300 एप्लीकेशन राशन से जुड़ी विसंगतियों को लेकर होती थी लेकिन अब राशन वितरण की एक भी शिकायत नहीं आती है। यही आपका सम्मान है। अब आपको कोई कटघरे में नहीं खड़ा कर सकता और न ही कोई ऊल-जुलूल बातें करता है। कोरोना के दौरान भी कोटेदारों की नहीं आई एक भी शिकायत- सीएम ने कोटेदारों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान भी आप राशन वितरित कर रहे थे। जब सारा काम-धंधा बंद हुआ तो हमने दाल, नमक और तेल का वितरण शुरू किया। सभी जगह सुचारु वितरण हुआ, कहीं से एक भी शिकायत नहीं आई और हर गरीब तक सामान पहुंचा। इसका मतलब पूर्ववर्ती सरकार की नीयत खराब थी। वे आपका इंसेंटिव भी नहीं बढ़ाते थे।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे के परिवार से मिल भावुक हुए सीएम, तत्काल आर्थिक सहायता के निर्देश



## IPS अफसर की मां की हत्या पर भड़कीं मायावती, कहा- जब पुलिस सुरक्षित नहीं तो आमजन का क्या होगा



उत्तर प्रदेश के अम्बेडकरनगर जिले में आईपीएस अधिकारी की मां की हत्या पर मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। उत्तर प्रदेश के अम्बेडकरनगर जिले से एक बेहद दुखद और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आशुतोष मिश्रा की 91 वर्षीय बुजुर्ग मां की जघन्य हत्या कर दी गई। इस वारदात के बाद बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। घटना पर मायावती का गहरा दुख और चिंता- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए मायावती ने लिखा कि यूपी के अम्बेडकरनगर जिले में वरिष्ठ आईपीएस अफसर आशुतोष मिश्रा की लगभग 91-वर्षीय बुजुर्ग माता की हुई हत्या अति-दुखद है। उन्होंने इस वारदात को प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था के हिसाब से अति-चिन्तनीय बताया।मायावती ने सरकार और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना को लेकर आम लोगों की यह आशंका पूरी तरह से वाजिब है कि जब हत्या जैसी जघन्य वारदात किसी बड़े पुलिस अधिकारी के परिवार के साथ हो सकती है, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा?

दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग- बसपा सुप्रीमो ने राज्य सरकार से इस पूरे मामले में तुरंत और कड़ा कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार को इस घटना का उचित संज्ञान लेना चाहिए और वारदात में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, जो कि बेहद जरूरी है।

## छात्र आंदोलन पर राहुल गांधी का CM हेमंत को पत्र, बोले- युवा देश का भविष्य, उनकी मांगें जायज





झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ जारी छात्र आंदोलन के बीच राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने और उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करने की अपील की है।झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री से आंदोलनरत छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने और उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी बाकी चिंताओं का समाधान निकालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि युवाओं की बात सुनी जानी चाहिए और सरकार को इस मुद्दे के समाधान के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। 'शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र का मुख्य स्तंभ'- राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे पत्र में कहा कि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि संविधान में दिया गया शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार लोकतंत्र के मुख्य स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों से पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों को कांग्रेस ने अपना पूरा समर्थन दिया है। राहुल गांधी ने आगे आरोप लगाया कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर आरएसएस और बीजेपी का कब्जा हो गया है और इसे छात्रों के शोषण और दमन का माध्यम बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था अब वैसी मजबूत ज्ञान-व्यवस्था नहीं रही, जैसी एक दशक पहले हुआ करती थी।राहुल गांधी ने पत्र में कहा कि झारखंड में छात्र राज्य की भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका विरोध शांतिपूर्ण है और उनकी मांगें जायज हैं। उन्होंने झारखंड सरकार की ओर से छात्रों के साथ बातचीत शुरू किए जाने की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी के माध्यम से छात्रों से बातचीत शुरू की गई है और छात्रों की कई मांगों पर सहमति भी बनी है। हालांकि, इसके बावजूद आंदोलन जारी है और कुछ छात्र अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं।राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि वह स्वयं आंदोलन कर रहे छात्रों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत मुलाकात से छात्रों की बाकी चिंताओं को दूर करने और सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत के युवा देश का भविष्य हैं। ऐसे संकट के समय में उनके साथ एकजुटता दिखाना और उनका समर्थन करना जरूरी है। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री से छात्रों की बात सुनने और इस पूरे मामले का समाधान निकालने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की। पुतला दहन के बाद सरकार ने फिर बातचीत के लिए बुलाया- रांची में छात्रों का आंदोलन पिछले 20 दिनों से अधिक समय से जारी है। 16 अगस्त को प्रदर्शनकारी छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के पुतले दहन किए थे। इसके बाद झारखंड सरकार ने छात्रों को एक बार फिर बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। सरकार और छात्रों के बीच पहले भी कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। आंदोलन के लिहाज से 17 अगस्त की बैठक को अहम माना जा रहा है।

## संपादकीय Editorial

### Address on 'Developed India'

Prime Minister Modi addressed the nation for the 13th consecutive time from the ramparts of the Red Fort, but failed to make any new policy announcements. A few statistics were cited. The focus of the address remained on 'developed India' and youth. The Prime Minister has repeatedly reiterated the idea of ??a developed India, and referring to youth may be a political compulsion. The Prime Minister's nearly 77-minute address concluded with two words: 'Saptdhara' and 'Mindful Naxals.' India can never become 'developed' with these two words. Before analyzing the Prime Minister's address, I want to present two facts. When Atal Bihari Vajpayee was Prime Minister and Dr. APJ Abdul Kalam was President, it was declared that India would be a 'developed nation' by 2020. What happened? Is there a report card or a progress story available? Then, in 2014, when the country gave Narendra Modi's government its mandate, the underlying slogan was "Good days will come." When that didn't seem possible, Prime Minister Modi set the deadline for "good days" at 2047 and began proclaiming a "developed India." This means that Prime Minister Modi's accountability ends by 2047. He will no longer be Prime Minister then, that much is certain. Whoever becomes Prime Minister will now be held accountable. Nevertheless, the Prime Minister has called for the "Seven Streams of Power." These seven streams are: manufacturing-production, agriculture and food processing, technology-innovation, mobility, defense-cybersecurity, green energy-blue economy, and soft power.

The country already knows these "Seven Streams," though the names may have changed. However, the Prime Minister has left out some important pillars of the country's "core sectors." Prime Minister Modi, speaking from the Red Fort, revealed and claimed that mobile phone production in India has increased 33-fold, khadi and village industries 5-fold, railway coach production 31-fold, manufacturing 7-fold, internet 4-fold, gas connections 6-fold, tap water 15-fold, toilets 4-fold, providing permanent homes to the poor 3-fold, and digital payments and transactions 100-fold. India has certainly made progress, but compared to countries like the United States, China, Germany, Japan, and others, we still lag far behind. Three semiconductor plants have recently become operational in India, but China and Taiwan are supplying semiconductors to the world. The Prime Minister stated a target of 5-7-8 semiconductor plants in the next 7-8 years. There is no specific number. We are still in infancy in the field of artificial intelligence (AI), and he sought to assure that 10 million youth will be trained in AI skills within the next year. A similar attractive announcement was made in the budget: 10 million young people would do internships in 500 of the country's largest companies over five years. They would also be paid an honorarium of ?5,000. The Prime Minister should have revealed the results. It's heartening to wish for 50 Indians among the Fortune 500 top companies, for pharmaceutical companies to be among the top five, for Indian banks to be among the top 10, and for India to have its own rating agency. Today, even after 79 years of independence, not a single Indian university is ranked among the top 100, let alone the top 200. Nearly 73% of students fail to continue their education past the 12th grade. The Prime Minister keeps announcing the opening of new universities and schools. He didn't mention how much employment will increase with AI training. Online coaching will be free, but how transparent and honest will the examination system be? The coaching business is worth approximately ?58,000 crore, and approximately 71 million students are attending. Can this equation be broken?

# The Seven Streams of Development

Prime Minister Modi reiterated his commitment to a developed India from the Red Fort and presented the "Saptdhara" blueprint. This includes new initiatives such as AI training for 10 million youth and online coaching for students, for which central-state cooperation is crucial for their successful implementation. The Prime Minister presented the "Saptdhara" blueprint for a developed India. AI training and online coaching for 10 million youth are announced. Central-state cooperation is essential for the successful implementation of the schemes. After hoisting the national flag from the ramparts of the Red Fort for the 13th consecutive time, Prime Minister Modi's words and the new programs he announced reflect his commitment to developing the country. The way he mentioned the challenges facing the country on this occasion shows that solving problems is his priority. This is indeed true, but the central government's administration must also prioritize this. Furthermore, state governments must also cooperate with the central government in this matter. This is essential because state governments and their administrations play a vital role in the implementation of many central government schemes. The goal of developing the country will be achieved only when the central and state governments work as a team. This is often lacking. Developing the country requires more than just identifying problems correctly; it's also essential to develop appropriate solutions. This will happen when world-class standards and quality are adopted in government programs. Currently, this is not happening, and that's why many ambitious schemes are failing to deliver the desired results. The Prime Minister's announcements from the ramparts of the Red Fort this time include training one crore youth in AI and providing online coaching to students. Both these initiatives are commendable and in line with the demands of the times, but will government coaching be able to reduce the dominance of private coaching institutes? The question also arises: will the AI ??training programs for youth meet the same fate as skill development? The Prime Minister's mention of the "Sapta Dhara" (seven streams of power) regarding next-generation reforms from the Red Fort is, in a way, a blueprint for achieving the goal of a developed India. Its objective is to fully utilize the country's potential. The first power of the Saptdhara is manufacturing capacity, the second is agriculture and food production, the third is technology and innovation, and the fourth is speed power. This refers to connectivity. The fifth power of the Saptdhara is defense power, the sixth is green economy-blue economy, and the seventh is the country's soft power. All these powers will gain strength when every section of society participates in their use. Only this will solve the problem of uneven development. It would be better to ensure that these powers are used with moral strength.

# Building a Future India

Independence Day reminds us of the struggle for independence and the goal of a developed India. Fulfilling civic duties with discipline, unity, and positivity is the key to building a strong India. Independence Day commemorates the struggle for independence and the goal of a developed India. Citizens must be equipped with discipline, unity, and a sense of duty. It is essential for political leadership to work together for the country's development. The arrival of Independence Day not only provides moments of excitement and enthusiasm, but also reminds us of the struggles and sacrifices of those who fought for independence. Building the India of their dreams should be our common goal. This goal will be easily achieved only when we are equipped with discipline, unity, and a sense of duty to the nation. Now that the goal of a developed India is being pursued, and the achievements of the last few decades demonstrate that it is possible, it becomes even more essential that everyone understands their part of the responsibility as a citizen. In doing so, we must reflect on how we can move the country forward together and at a rapid pace. To do this, we must abandon the habit of opposing every initiative and every idea. We must find ways to reach consensus amidst disagreement. This requires abandoning negativity, as it is clear that the sentiment of opposition for the sake of opposition has increased in recent times. As a result, the space for positivity has shrunk. This is evident in the increasingly aggressive ways of expressing dissent and the decline in the decorum of language. It is a matter of concern that this decline in positivity is most pronounced in politics, which is responsible for leading and guiding the country. Why can't our political leadership collectively develop a blueprint for national development and agree on a minimum common program? It is not auspicious that the ruling party and the opposition currently do not agree on any issue of national importance. The situation is such that they don't even come forward to discuss such issues beyond party politics. Now, we ourselves select those who are in power, wherever they are. In such a situation, we cannot adopt the same attitude towards them as we did towards British rule. We must also learn to cooperate and support the government and administration. It is not right to wish for the government and administration to change their behavior, but not to bring about any change ourselves. It should not be ignored that many tasks in the country are not progressing properly because there are differences on how they should be done. This situation is giving rise to ambiguity and confusion. Society must overcome this situation and everyone must internalize the fundamental principle that the dream of a socially and economically strong India demands everyone's cooperation. This spirit of cooperation is the key to building a harmonious and capable India.

# The Declining Standard of Language Decency

Concern has been expressed over the declining standards of language during the Gen-Ji protest at Jantar Mantar. The article highlights the impact of digital culture and the erosion of democratic decorum, and appeals for restraint. Gen-Ji's use of abusive language during the Jantar Mantar protest is a reflection of the decline of the language of public discourse in the digital age. Its far-reaching consequences for democratic decorum and social culture. Following the protest at Jantar Mantar in Delhi, the so-called Gen-Ji protest ended with the resignation of the Union Education Minister. However, the indecent, insulting, and abusive language used publicly against the Prime Minister and other office holders at a place symbolizing democratic resistance also signals the erosion of Indian society's linguistic culture and democratic decorum. The concern is not whether the abuses were uttered by Gen-Ji or Gen-Alpha. The root of the concern is whether the abuses uttered in public are now becoming the new language of resistance even within Gen-Ji? Are abusive words now being made synonymous with courage, independence, revolution, and freedom of expression? The family, society, and the nation should be concerned about its far-reaching consequences. In a democracy, protest is not only a right, but also a powerful medium of social consciousness. Movements of every era have been identified not only by their objectives, but also by their language and expression. Sociology shows that language is not only a medium of communication, but also a mirror of society's values, power relations, and cultural changes. Words not only express ideas; they also demonstrate social power, identity, and struggle. Therefore, when the language of a movement changes, it is not just a change in words; it also indicates changes in social culture. Today's Gen Z represents a generation born in the digital world. Reel culture on Instagram, X, and YouTube has made communication with this generation short, quick, and quick to react. It should be noted that digital algorithms typically display content that, while shocking, also provokes excitement or controversy. This is why aggressive and absurd language tends to go viral more often than restrained language. This trend is gradually being felt in public life as well.History bears witness that the moral power of resistance is no less than the dignity of its language. Mahatma Gandhi challenged the British Empire, but refrained from using abusive language. Dr. Bhimrao Ambedkar harshly criticized the system, yet maintained the dignity of language. Politicians like Dr. Ram Manohar Lohia, Jayaprakash Narayan, and Atal Bihari Vajpayee engaged in a fierce struggle of ideas, but never turned the conversation into abuse. History also shows that when words lose their dignity, movements also lose their moral stature. The irony is that today the standard of language is declining not only in public life and political forums, but also in families, schools, universities, the entertainment industry, internet media, and even Parliament. If the flow of abuses increases on public platforms, tomorrow the same language will travel from the temples of education to the home. The decline of language is never limited; it also becomes a part of social culture.Undoubtedly, the Indian Constitution has granted every citizen.

# असल इंटर कॉलेज में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया






क्यूँ न लिखूँ सच /युसुफ / 15 अगस्त 2026 को 80 वॉ स्वतंन्त्रता दिवस को अन्सार इण्टर कॉलिज, मुरादाबाद में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मेराज अनवर ने विद्यालय में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात सास्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। छात्रों ने राष्ट्रगान, देश भक्ति गीत, भाषण, तथा मेरा भारत-प्रश्नोंत्तरी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन विद्यालय के अध्यापक श्री जावेद अनवर व श्री मुख्तार हुसैन ने किया। श्री हाशिम मलिक ने संयुक्त शिक्षा निदेशक (शिविर) कृते शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) उ0प्र0 लखनऊ एवं श्रीमती गुलाब देवी, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित सन्देश पढ़कर सुनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मेराज अनवर नें हर घर तिरंगा के लिए छात्रों को प्रेरित किया एवं भारत के अमर शहीदों के बलिदान से सम्बधित प्रेरक प्रसंग छात्रों को सुनाकर छात्रों को देश के प्रति पूर्ण रूप से सर्मपित होने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के सहायक अध्यापक श्री गुलरेज़ वारिस ने देशभक्ति गीत गाकर छात्रों का देशप्रेम के प्रति प्रेरित किया। विद्यालय के सहायक अध्यापक श्री हाशिम मलिक, श्री महबूब अहमद, श्री मौ0 नदीम, श्री नफीसुर रहमान ने देशभक्ति से संबन्धित प्रेरक प्रसंग सुनाये। कार्यक्रम में विद्यालय के सहा0 लिपिक श्री सिकन्दर आजम ने पूर्ण सहयोग किया, जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक / कर्मचारियों तथा गणमान्य व्यक्यिों एवं छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम समापन के पश्चात मिष्ठान वितरित किया गया।

# वीरांगना रानी एवंती बाई लोधी की 196 वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की




क्यूँ न लिखूँ सच /युसूफ / मुरादाबाद,जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 196वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वीरांगनाओं का तप-त्याग और बलिदान देशवासियों को प्रेरणा देता है। उन्हें नमन करते हुए हुए कहा उन्होंने रानी अवंती बाई लोधी को 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर की महान क्रांतिकारियों में से एक बताया वीरांगनाओं का योगदान, तप, त्याग और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। शिक्षक एम. एल सी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर ने चुनाव को गति देतें हुए कहा चुनाव के लिए जिला प्रभारी नियुक्त किये जिनमे प्रमुख रूप लाखन सिँह सैनी, गजेंद्र सिँह यादव ,नरेश शर्मा आदि को जिम्मेदारी सौंप कर चुनाव युद्ध स्तर से जुट जाने की अपील की कहा की बूथ लेवल पर मजबूत टीम तैयार की जाये वोटर से प्रति दिन सम्पर्क करें। एम.एल.सी.चुनाव को लेकर तैयारी एवं जयंती का कार्यक्रम पर उपस्थित जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव,महासचिव फुरकान अली, पूर्व विधायक हाजी रिजवान, राजेश कुमारी यादव, लाखन सिंह सैनी,नरेश शर्मा, अतहर हुसैन अंसारी,वसीम कुरैशी,प्रेम बाबू वालमीकि ,तालिब अंसारी,मोइनुद्दीन, बालकिशन शर्मा, नाजिम अली, अमित यादव,वेदप्रकाश सैनी, लुकमान खान, गोविंद प्रजापति, आदित्य चौधरी, जहांउल्ला खां, मोहम्मद तकी, वीरेंद्र प्रसाद,महेंद्र पाल सिंह, राहुल जाटव, शंकर लाल सैनी,मनीष जाटव, मोइनुद्दीन, माजिद अली,आदि उपस्थित थे।

# नन्हे अदीप और प्राश ने रैली में लगाए देशभक्ति के नारे, संस्कारों की दिखी मिसाल




बिलारी, क्यूँ न लिखूँ सच । कहते हैं कि देशभक्ति और देशप्रेम के संस्कार घर से ही मिलते हैं। इस कहावत को महज तीन और ढाई वर्ष की उम्र के दो नन्हे बालकों अदीप गुप्ता एवं प्राश गुप्ता ने स्वतंत्रता दिवस पर सच साबित कर दिखाया। दोनों मासूम बच्चों ने अपने पिता और ताऊ अमित गुप्ता के साथ गांव में निकाली गई तिरंगा रैली में शामिल होकर पूरे रास्ते उत्साह के साथ देशभक्ति के नारे लगाए।अदीप गुप्ता प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर नत्था के शिक्षक अमित गुप्ता एवं शिक्षिका दीपाली गुप्ता के पुत्र हैं, जबकि प्राश गुप्ता अमित गुप्ता के छोटे भाई सुमित गुप्ता के पुत्र हैं। इतनी कम उम्र होने के बावजूद दोनों बच्चों का देशभक्ति के नारों के साथ रैली में शामिल होना ग्रामीणों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने रैली में शामिल अन्य बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए देशप्रेम का संदेश दिया।अदीप के पिता अमित गुप्ता शिक्षा के साथ-साथ देश और समाज सेवा के कार्यों से भी जुड़े रहते हैं। वह विद्यालय समय के बाद क्षेत्र के बच्चों को अपने घर पर नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराते हैं। नवाचारी शिक्षा के लिए क्षेत्र में पहचान बनाने वाले अमित गुप्ता अपने बेहतरीन टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) एवं विभिन्न शैक्षिक सामग्रियों के माध्यम से बच्चों को रोचक और प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए जाने जाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए उन्हें राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार पुरस्कार सहित कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।वहीं अदीप की माता दीपाली गुप्ता भी आदर्श शिक्षिका के रूप में अपनी पहचान रखती हैं और अपने उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों के लिए समय-समय पर सम्मानित होती रही हैं।दोनों नन्हे बच्चों की देशभक्ति ने यह संदेश दिया कि देशप्रेम की भावना उम्र की मोहताज नहीं होती। परिवार से मिले संस्कार ही बच्चों के व्यक्तित्व में राष्ट्रप्रेम की नींव मजबूत करते हैं। रैली में अदीप और प्राश की उत्साहपूर्ण भागीदारी लोगों के लिए प्रेरणादायक रही।

# जूनियर हाई स्कूल सहसपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस




बिलारी सहसपुर क्यूँ न लिखूँ सच । जूनियर हाई स्कूल सहसपुर के प्रांगण में शनिवार को देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया।समारोह का शुभारंभ सुबह 8 बजे मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी हुकुम सिंह, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सलीम अहमद, रामप्रकाश भटनागर, पूर्व प्रधान कल्याण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जगत नारायण शर्मा, शाकिर मलिक, पंडित जी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में संस्था प्रमुख एवं प्रधानाचार्य फरहत अली द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के बाद सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण और नाटक सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति का जज्बा भर दिया।प्रधानाचार्य फरहत अली ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और विकास में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। सभी ने आपसी भाईचारा, एकता और देश की अखंडता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। समारोह शांतिपूर्ण एवं देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



बिलारी क्यूँ न लिखूँ सच । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों के बच्चों और अध्यापकों ने तिरंगा रैली निकालकर लोगों में देशप्रेम की अलख जगाई।कंपोजिट विद्यालय पहाड़पुर में राजीव कुमार, अभिमन्यु सिंह, श्रीमती ममता एवं श्रीमती नीतू ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को देश के अमर शहीदों तथा स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष और बलिदानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इसके बाद छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर गांव में रैली निकाली। रैली के दौरान बच्चों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष करते हुए लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। रैली में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सहभागिता की।

# स्वतंत्रता दिवस पर मोहल्ला कोरियन वाल्मीकि बस्ती में धूमधाम से हुआ ध्वजारोहण कार्यक्रम



बिलारी क्यूँ न लिखूँ सच । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोहल्ला कोरियन स्थित वाल्मीकि बस्ती में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई तथा उपस्थित लोगों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सभासद गजराम सिंह वाल्मीकि ने कहा कि देश की आजादी अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। हमें उनके त्याग को हमेशा याद रखना चाहिए और देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने के लिए मिल-जुलकर कार्य करना चाहिए। आजाद रत्नाकर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। देश की प्रगति के लिए युवाओं को शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। युवा नेता कपिल राज सिंह ने कहा कि आजादी का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होगा, जब समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, समान अवसर और आगे बढ़ने का अधिकार मिले। हमें संविधान के मूल्यों को मजबूत करते हुए आपसी भाईचारे और एकता के साथ देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए।

संजय वाल्मीकि ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर सपूतों के बलिदान को याद करने का अवसर देता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता बनाए रखनी चाहिए। राजीव वाल्मीकि ने कहा कि देश की तरक्की में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

हमें युवा पीढ़ी को शिक्षा और अच्छे संस्कारों से जोड़कर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर बाबा कृष्ण नाथ जी महाराज, संजय वाल्मीकि, राजीव वाल्मीकि, विक्की उर्फ विकास, सरनाम सिंह, इमरतपुर, राजेश रायपुर, अक्षय रत्नाकर, ऋतिक वाल्मीकि, राजकुमार, रविराज, अनमोल, यीशु राज सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया तथा एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

# स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह का सम्मान



बिलारी, क्यूँ न लिखूँ सच । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद बिलारी के अध्यक्ष रघुराज सिंह को योग परिवार संगठन की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान सभासद नगर पालिका परिषद बिलारी सर्वश्री सुमित गुप्ता, प्रवेश प्रजापति, निहाल सिंह लाठर, दिनेश प्रजापति, ब्रज रतन प्रजापति तथा सामाजिक कार्यकर्ता संजय सक्सेना ने संयुक्त रूप से उन्हें सम्मानित किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखते हुए समाज और देश के विकास में अपना योगदान देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द एवं देशभक्ति का माहौल रहा।

# रानी प्रीतम कुंवर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



बिलारी, क्यूँ न लिखूँ सच । रानी प्रीतम कुंवर स्कूल, सहसपुर-बिलारी में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रणजीत ईश्वर ने समस्त सहकर्मियों एवं छात्र-छात्राओं के साथ ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत कर देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया।कार्यक्रम के दौरान किंडर गार्डन के नन्हे विद्यार्थियों ने 'नन्हा-मुन्ना राही हूं' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया, वहीं छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में रंग भर दिया।कक्षा पांच की छात्रा मशरा तथा कक्षा 3-बी की छात्रा मन्हा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति की उपस्थित लोगों ने सराहना की।प्रधानाध्यापक रणजीत ईश्वर ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने तथा देश के विकास एवं उन्नति में अपना योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की छात्रा मरियम एवं रमन ने किया। समारोह में विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिसर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।




**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

# अपना प्रदेश

www.knlslive.com

18 August 2026



## पति से नाराज होकर ट्रैक पर बैठी महिला को पुलिस ने बचाया, समझाकर पति के साथ भेजा घर



क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / फतेहगंज पश्चिमी- घरेलू कलह से नाराज होकर आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रैक पर बैठी एक महिला की जान पुलिस और रेलवे कर्मियों की सतर्कता से बच गई। पुलिस ने महिला को ट्रैक से हटाकर समझा-बुझाकर उसके पति के साथ घर भेज दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया सोमवार को थाना शाही क्षेत्र की निवासी शिवानी उर्फ ममता का पति से घरेलू कलह को लेकर झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर वह दोपहर करीब 1 बजे धनेटा फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर जाकर बैठ गई और आत्महत्या करने की कोशिश करने लगी। ट्रैक पर काम कर रहे रेलवे कर्मियों ने महिला को बैठे देख तुरंत धनेटा फाटक पर तैनात पुलिस कर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को ट्रैक से हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले गई और समझा-बुझाकर शांत किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने महिला के पति को बुलाया। दोनों को जीवन भर साथ रहने के टिप्स देकर भविष्य में इस तरह का कदम न उठाने और आपसी विवाद न करने की हिदायत दी। इसके बाद महिला अपने पति के साथ राजी-खुशी घर चली गई।

पुलिस और रेलवे कर्मियों की समय पर कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

## फतेहगंज पश्चिमी के सरकारी दफ्तरों, स्कूलों और मदरसों में जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण




क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / फतेहगंज पश्चिमी- घरेलू कलह से नाराज होकर आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रैक पर बैठी एक महिला की जान पुलिस और रेलवे कर्मियों की सतर्कता से बच गई। पुलिस ने महिला को ट्रैक से हटाकर समझा-बुझाकर उसके पति के साथ घर भेज दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया सोमवार को थाना शाही क्षेत्र की निवासी शिवानी उर्फ ममता का पति से घरेलू कलह को लेकर झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर वह दोपहर करीब 1 बजे धनेटा फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर जाकर बैठ गई और आत्महत्या करने की कोशिश करने लगी। ट्रैक पर काम कर रहे रेलवे कर्मियों ने महिला को बैठे देख तुरंत धनेटा फाटक पर तैनात पुलिस कर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को ट्रैक से हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले गई और समझा-बुझाकर शांत किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने महिला के पति को बुलाया। दोनों को जीवन भर साथ रहने के टिप्स देकर भविष्य में इस तरह का कदम न उठाने और आपसी विवाद न करने की हिदायत दी। इसके बाद महिला अपने पति के साथ राजी-खुशी घर चली गई।

पुलिस और रेलवे कर्मियों की समय पर कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

## एडम एंड इव्स स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




क्यूँ न लिखूँ सच /सैयद सिकंदर/ मुरादाबाद। पीरजादा रोड स्थित में 15 अगस्त 2026 को वयस्ता दिवस समारोह देशभक्ति, उत्साह एवं हल्के मनाया गया। इस अवसर पर विद्यास परिसर को तिरंगे झांडौ एवं पुष्प सज्जा में आकर्षक सजा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीवीर बारी एवं श्रीक अहमद निजी उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने विटर्थियों का अहकिया। कार्यक्रम में तथा प्रधानाचार्या रफतारी तिलक भावक एवं विद्यार्थी मुख्य अतिथि श्री तनवीर बारी असी में अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कहा कि देश की स्वतं असं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संधर्ष और विद्यार्थिवी से राष्ट्र की एकता को बना रखने आपसी भाईचारे को मजबूत प्रबंधक मोहसिन निदेशक साद रहमान उपस्थित रहे। रहिवस की शुभकामनाएं देते हुए बलिदान का परिणाम है। उन्होंने करने तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य कामदारी करने का आहवान किया। श्री फारूक अहमद निजामी ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ देशप्रेम, अनुशासन, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन कक्षाकीशा आसिफ एवं कक्षा की अग अक्सा तलत ने किया। समारोह का शुभारंभ कक्षा 10 की खात्री द्वारा आरोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। 10 की छात्राओं ने मार्च पास्ट प्रस्तुत कर देशभक्ति की भावना कति किया। कार्यक्रम में कक्षा 9 की अरीबा मुश्ताक में अंग्रेजी भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा एवं 2 के वि?द्यार्थियों ने एक नया भारत विषय पर मनमोहक एक्शन सॉन्ग प्रस्तुत किया। कक्षा की छात्रा सारा फातिमा ने हिंदी भाषण के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदानको स्मरण किया। कक्षा 3 एवं 4 के वि?द्यार्थियों ने मंजर है आफिया नूर ने उर्दू भाषण के माध्यम से समारोह का मुख्य आकर्षणक्षा नया शीर्षक से प्रेरणादायक एक्शन सॉन्ग प्रस्तुत किया। कक्षा की छारा प्रेम राष्ट्रीय एकता एवं आईचारे का संदेश दिया। के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भक्ति नाटिका रही, जिसमें स्वतस्ता संग्राम की प्रमुख पटना एवं देशशक्ती के स्थान को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा से 9 तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति दी समारोह के समापन पर प्रधानाधायी रफत उस्मान रिजवी ने सभी अतिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्वतंस्ता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों में रा की एकता एवं प्रगति में अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का प्रेरित किया।

## स्वामी अमर सेवानंद पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया




क्यूँ न लिखूँ सच / बरेली स्वामी अमर सेवानंद पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस को बड़े हर्षोल्लासके साथ मनाया गया जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्वलित करके झंडा रोहण के साथ तिरंगा रैली से आरंभ किया गया जिसमें पूर्व प्रधान दिनेश गंगवार धीमरी पूर्व प्रधान मेहंदी हसन छितौनियां विद्यालय के संरक्षक महेंद्र पाल जी विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार जी विद्यालय के प्रबंधक राजीव पाल जी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक राजीव पाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए देशभक्ति हर दिल में रहनी चाहिए हम जिस कार्य में हैं उस कार्य को दिल से करते रहना चाहिए का संदेश देते हुए अपने विचार प्रकट किए

## ठाकुरद्वारा तहसील में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, 68 फरियादियों ने रखीं समस्याएं




क्यूँ न लिखूँ सच / ठाकुरद्वारा। आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान के उद्देश्य से सोमवार, 17 अगस्त को तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने सभी की समस्याओ को गंभीरता से सुना समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से पहुंचे 68 फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और मौके पर जाकर समस्याओं का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंपा गया। अधिकारियों ने फरियादियों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

## बाढ़ के बीच खुद पानी में उतरीं एसडीएम मोनालिसा जौहरी, खुद संभाली राहत की कमान



क्यूँ न लिखूँ सच / घाघरा के बढ़े जलस्तर से सुजौली-जंगल गुलरिया के काफी मजरे प्रभावित, एडीएम और एसडीएम मिहीपुरवा ने किया संयुक्त निरीक्षण मिहींपुरवा (मोतीपुर)। घाघरा नदी के बढ़े जलस्तर से तहसील मिहींपुरवा के सुजौली क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सोमवार को उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा मोनालिसा जौहरी व अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार बहराइच ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों का हालचाल लिया और राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी हकीकत परखी। सुजौली के पांच मजरे तथा जंगल गुलरिया के मजरे बाढ़ की चपेट में हैं। प्रभावित गांवों की कुल आबादी करीब 6277 है। राहत की बात यह है कि फिलहाल आबादी क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जबकि कृषि क्षेत्र प्रभावित नहीं हुआ है। बाढ़ की सूचना मिलते ही संवेदनशील एसडीएम मोनालिसा जौहरी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सोमवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं पानी में उतरकर प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पल-पल की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीएम की संवेदनशीलता और सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह केवल कार्यालय स्तर से निगरानी तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि मौके पर पहुंचकर स्वयं प्रत्येक परिस्थिति का जायजा लेती रहीं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल टीम को भी साथ लेकर पहुंचीं एसडीएम बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी मेडिकल टीम को साथ लेकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचीं, ताकि ग्रामीणों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली जा सके और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। राहत केंद्र, बाढ़ चौकी और कम्युनिटी किचन सक्रिय- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए एक बाढ़ चौकी, एक राहत केंद्र तथा दो कम्युनिटी किचन संचालित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवं एडीएम ने कम्युनिटी किचन का निरीक्षण किया, जो संचालित पाया गया। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए लंच पैकेट का वितरण भी कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य के लिए पीएसी की एक टीम भी लगाई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया जाए। बाढ़ प्रभावित परिवारों तक भोजन और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। लगभग छः हजार खाद्य पैकेट तैयार कर उनके वितरण की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रभावित परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री के लिए परेशान न होना पड़े। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत सामग्री का वितरण जरूरतमंद परिवारों तक समय से और व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी परिवार के सामने भोजन अथवा आवश्यक सहायता का संकट नहीं आना चाहिए। पल-पल की स्थिति पर प्रशासन की नजर- घाघरा नदी के जलस्तर और बाढ़ प्रभावित गांवों की स्थिति पर प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी स्वयं मौके की स्थिति की जानकारी ले रही हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में एसडीएम की सक्रिय मौजूदगी, मेडिकल टीम के साथ मौके पर पहुंचना और स्वयं पानी में उतरकर ग्रामीणों की स्थिति का जायजा लेना प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाता है। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश की नौकरशाही में बड़ा बदलाव, एक साथ 18 आईएएस अधिकारियों के तबादले; इन जिलों में हुए बदलाव

शासन ने नौकरशाही में बड़ा बदलाव करते हुए सोमवार को 18 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 18 आईएएस अधिकारियों (सहायक मजिस्ट्रेटों) का स्थानांतरण कर उन्हें विभिन्न जिलों में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया है। जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, मुरादाबाद के सहायक मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव को संयुक्त मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर बनाया गया है, जबकि फतेहपुर से नौशीन को बस्ती, उन्नाव से शौर्य अरोड़ा को बदायूं, बिजनौर से कुणाल रस्तोगी को गोरखपुर और गाजियाबाद से अयान जैन को आजमगढ़ का संयुक्त मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में आगरा से शिवम कुमार को महराजगंज, प्रयागराज से अनिमेष वर्मा को देवरिया, मिर्जापुर से श्री अंशुल हिंदल को सुल्तानपुर, अलीगढ़ से शुभांशु कटियार को जौनपुर, सहारनपुर से विनोद कुमार मीना को औरैया तथा कन्नौज से अर्पित कुमार को प्रयागराज में संयुक्त मजिस्ट्रेट पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।तबादला सूची में आगे रिदम आनंद को सुल्तानपुर से कानपुर देहात, रमेश चंद्रा वर्मा को लखनऊ से बलिया, श्री जी अक्षय दीपक को झांसी से कुशीनगर, श्री तेजस के को बाराबंकी से मैनपुरी, मनीषा धावे को लखीमपुर खीरी से झांसी, आयुष अग्रवाल को सिद्धार्थ नगर से रायबरेली औरअपराजिता आर्यन को मुजफ्फर नगर से लखनऊ में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में नई तैनाती दी गई है।

### 30 बार रुक चुके थे: होटल में मिला महिला हेड कांस्टेबल का शव, 42 मिनट कमरे में रुककर निकला था पुलिस वाला प्रेमी

पुलिस जांच में सामने आया है कि अदिति और उसका बॉयफ्रेंड अक्सर इसी %होटल रॉयल ब्लू% में आते थे। इस साल अब तक दोनों करीब 30 बार यहां रुक चुके थे।दिल्ली पुलिस की एक हेड कांस्टेबल का शव रविवार रात को राजेंद्र नगर स्थित एक निजी होटल में मिलने हड़कंप मच गया। महिला अपने एक साथी हेड कांस्टेबल के साथ होटल में रुकी थी। फॉरेंसिक टीम की शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होना बताया है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट मौके से नहीं मिला है। हालांकि पुलिस सभी एंगल से जांच और महिला के साथी से भी पूछताछ कर रही है। वहीं, होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है। कौन है मृतका?- पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान अदिति (30) निवासी नूरपुर मसूरी के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर उस्मानपुर थाने में तैनात थी। अदिति अपने साथी हेड कांस्टेबल के साथ होटल पहुंची थी। उनका साथी भी दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल है और उसी थाने में कार्यरत है।इस साल 30 बार रुक चुके होटल में साथ- होटल के रिकॉर्ड से पता चला है कि दोनों इस वर्ष करीब 30 बार से ज्यादा इस होटल में ठहर चुके थे। 15 अगस्त की शाम अदिति होटल पहुंची थी। वहीं उसका साथी रात करीब 10 बजे आया और 10 बजकर 42 मिनट पर होटल से चला गया। अगले दिन रविवार को दोपहर करीब 12 बजे होटल कर्मचारी गौरव कमरे में पहुंचा तो दरवाजा नहीं खोला, इसके बाद दूसरी चाबी से गेट खोला तो देखा कि अदिति का शव दुपट्टे से पंखे पर लटका हुआ था। उसने तुरंत होटल प्रबंधन को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। सोमवार शाम को परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।जांच में आत्महत्या की आशंका -पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम की प्रारंभिक जांच में मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा। पुलिस इस मामले में सभी पहलुओं से जांच कर रही है। साथी हेड कांस्टेबल से गहन पूछताछ की जा रही है। उसके मोबाइल डेटा की भी जांच शुरू कर दी गई है। होटल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल - लिस ने होटल के रिकॉर्ड खंगाले हैं। सीसीटीवी फुटेज की भी बारीकी से जांच की जा रही है। इन साक्ष्यों से घटनाक्रम को समझने में मदद मिलेगी। पुलिस होटल के रिसेप्शन पर घटना के समय मौजूद कर्मचारी से भी पूछताछ कर रही है। होटल के मालिक को भी बुलाया गया है। विवाद और पूर्व में ठहरने की जानकारी - पुलिस के मुताबिक, अदिति और उसके साथी के बीच होटल में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। यह विवाद ही घटना का कारण हो सकता है। दोनों पुलिसकर्मी पहले भी इसी होटल में कई बार ठहर चुके थे। इस वर्ष उन्होंने करीब 30 बार होटल में चेक-इन किया है। पुलिस इन सभी तथ्यों को जोड़कर जांच आगे बढ़ा रही है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।पुलिस का बयान- परिजनों की ओर से इस मामले में अभी कोई शिकायत नहीं दी गई है। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथी कांस्टेबल से हर एंगल पर पूछताछ की जा रही है।

# संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर आयोजित होगा समरसता संकल्प अभियान



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी, संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 'समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा' का सुव्यवस्थित व प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संत रविदास जी के समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रत्येक कार्यक्रम के साथ तय की गई

विभागीय जिम्मेदारियों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। अभियान की शुरुआत में 18 अगस्त को भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जिले हेतु पावन कलश प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को कलश प्राप्त कर उसे पूर्ण सम्मान एवं सुरक्षा के साथ जिला मुख्यालय तक लाने की समुचित व्यवस्था समय पर करने के निर्देश दिए गए। 20 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा संत संपर्क अभियान- इस अभियान में 18 अगस्त से 31 अगस्त तक संचालित होने वाले संत संपर्क कार्यक्रम को लेकर अनुसूचित जाति कल्याण विभाग एवं स्थानीय निकायों को जिले के प्रमुख संतों, गुरुओं व सामाजिक प्रतिनिधियों से संपर्क कर उन्हें अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देने तथा विभिन्न समरसता कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात 20 अगस्त को जिला मुख्यालय पर भव्य कलश वंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग को समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। समरसता यात्रा अभियान के मुख्य चरण में 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक डेरा सचखण्ड, बल्लन (जालंधर) से प्रारंभ होकर मध्य प्रदेश से गुजरने वाली श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा का जिले में आगमन होगा। नोडल विभाग अनुसूचित जाति कल्याण विभाग% को अभियान के तहत अन्य विभागों से समन्वय कर गतिविधियों के सफल आयोजन के निर्देश दिए।

# उचित दर विक्रेताओं के अतिरिक्त लाभांश वितरण कार्यक्रम का हुआ प्रसारण



क्यूँ न लिखूँ सच / बदायूँ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उचित दर विक्रेताओं के लाभांश को 90 रुपए से बढ़ाकर 125 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की है। सोमवार को लोकभवन, लखनऊ से नई व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद में डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने उचित दर विक्रेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में उचित दर विक्रेताओं की स्थिति बेहद कठिन एवं चुनौतीपूर्ण रही। वर्तमान सरकार ने उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए उनके हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं तथा उनके लाभांश में वृद्धि की है। इससे उचित दर विक्रेताओं का सम्मान एवं सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि उचित दर विक्रेता सार्वजनिक वितरण प्रणाली की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उचित दर विक्रेताओं से पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

शेखूपुर के पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य ने कहा कि उचित दर विक्रेता गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। गरीब की कोई जाति या धर्म नहीं होता, वह केवल गरीब होता है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जरूरतमंदों तक दो-दो बार राशन पहुंचाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। आज देश की तस्वीर और तकदीर बदल रही है तथा लाभार्थी देश के किसी भी कोने से राशन प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के हितों की चिंता कर रही है।

उचित दर विक्रेताओं के प्रतिनिधियों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। जनप्रतिनिधियों ने उचित दर विक्रेताओं को सम्मानित किया। डीएम ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियों एवं उचित दर विक्रेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शेखूपुर धर्मेन्द्र शाक्य, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जे0के0 सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख कादरचौक वीरेन्द्र राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि शारदेन्दु पाठक, जिला उपाध्यक्ष भाजपा उदयवीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग के महाराज सिंह ने किया।

# ब्राह्मण समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। सर्व ब्राह्मण समाज शिवपुरी के तत्वावधान में प्रस्तावित सर्व ब्राह्मण युवा प्रतिभा सम्मान समारोह को भव्य, गरिमामय और यादगार बनाने की तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू कर दी गई हैं। समारोह की कार्ययोजना एवं तैयारियों को लेकर समाज के पदाधिकारियों और प्रमुखजनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिभाओं के पंजीयन से लेकर सम्मान सामग्री, अतिथियों, कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा व्यवस्थापन समितियों के गठन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समारोह की कार्ययोजना का प्रारूप प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि तैयारियों के प्रथम चरण में पात्र प्रतिभाओं के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके लिए 'सर्व ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान' नाम से ऑनलाइन लिंक जारी की गई है। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि समाज की सभी पात्र प्रतिभाओं का पंजीयन एक ही निर्धारित प्रारूप में कराया जाए, जिससे प्रतिभाओं की जानकारी व्यवस्थित रूप से संकलित की जा सके। बैठक में कहा गया कि समाज में अनेक ऐसी प्रतिभाएं हैं, जिन्होंने शिक्षा, प्रशासन, खेल, विभिन्न प्रतियोगिताओं और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अधिकतम पात्र प्रतिभाओं तक पहुंच बनाकर उनका पंजीयन कराया जाएगा, ताकि योग्य प्रतिभाओं को सम्मानित करने का अवसर मिल सके। बैठक में समारोह की अध्यक्षता संतों से कराने का प्रस्ताव भी रखा गया, ताकि कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं सामाजिक गरिमा प्रदान की जा सके। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश स्तरीय प्रशासनिक प्रतिभा अथवा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जैसी विशिष्ट प्रतिभा को आमंत्रित करने के साथ-साथ जिला स्तर की प्रशासनिक प्रतिभाओं को भी समारोह में विशेष रूप से शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित सदस्यों ने इन प्रस्तावों को भी सहमति प्रदान की। सभी ब्राह्मण संगठनों को एक मंच पर लाने की पहल- बैठक में भार्गव समाज के जिलाध्यक्ष महेश शर्मा ने सर्व ब्राह्मण समाज की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज के युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने शिवपुरी में सक्रिय सभी ब्राह्मण संगठनों के अध्यक्षों की एक संयुक्त बैठक आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति में युवा प्रतिभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उनकी उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने से अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इसी उद्देश्य से सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने की पहल की जा रही है। बैठक में प्रतिभाओं के पंजीयन को अधिकतम स्तर तक पहुंचाने, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने तथा आयोजन से संबंधित आगामी तैयारियों को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। बड़ी संख्या में समाज के प्रमुखजन रहे मौजूद- बैठक में राजेंद्र खजूरी, महेश शर्मा (भार्गव समाज अध्यक्ष), डॉ. बी.के. शर्मा (अध्यक्ष रघुवंशम ट्रस्ट), राकेश शर्मा भार्गव, संजय अवस्थी (अध्यक्ष समाधि समाज), अशोक पालीवाल, रोहतास नायक, नरेंद्र दिग्गर्रा, अनिल उत्साही, श्रीनिवास उपाध्याय, महेंद्र उपाध्याय, गोपाल गौड़, श्रीमती रेणु शर्मा, मणिका शर्मा, भरत तिवारी, वरुण पाराशर, सुनील शुक्ला, राजू पुजारी, वीरू शुक्ला बैराड़, मनोज जैमिनी, राम लखन मुद्गोतिया, रिंकू अवस्थी, राहुल रामजी व्यास, राज कटारे, लक्ष्येंद्र शर्मा, धर्मेंद्र भारद्वाज, राधावल्लभ शर्मा एडवोकेट, दिलीप शर्मा, संजय शर्मा डब्बू, राजेंद्र शर्मा, सतेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा भार्गव, नरेंद्र पचौरी, उमाशंकर शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के अनेक प्रमुखजन उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी संगठनों और समाजजनों के सामूहिक सहयोग से प्रस्तावित सर्व ब्राह्मण युवा प्रतिभा सम्मान समारोह शिवपुरी में प्रतिभाओं के सम्मान और युवाओं के उत्साहवर्धन का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

# CJP के बाद 'दिमागी नक्सल पार्टी': रातोंरात जुड़े 1.9 लाख फॉलोअर्स; PM मोदी के बयान से नए डिजिटल कैंपेन को जन्म

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया 'दिमागी नक्सल' वाले बयान को लेकर शुरू हुए राजनीतिक विवाद के बीच सोशल मीडिया पर एक नया कैंपेन तेजी से चर्चा में आ गया है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के बाद अब 'दिमागी नक्सल जनता पार्टी' और 'दिमागी नक्सल पार्टी' नाम से सोशल मीडिया अकाउंट सामने आए हैं। इंस्टाग्राम पर इस नाम से बने एक अकाउंट ने महज 24 घंटे में 1.9 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स जुटाकर सुर्खियां बटोरी हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 अगस्त के भाषण में %दिमागी नक्सल% शब्द के इस्तेमाल के बाद सोशल मीडिया पर इस नाम से नया राजनीतिक कैंपेन चर्चा में आ गया है। कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब दिमागी नक्सल जनता पार्टी और दिमागी नक्सल पार्टी नाम से अकाउंट सामने आए हैं। इंस्टाग्राम के एक अकाउंट ने 24 घंटे में 1.9 लाख से अधिक फॉलोअर्स जुटाए, जबकि एक्स पर @DNJP_India अकाउंट राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, ध्रुव राठी, कुणाल कामरा और प्रकाश राज जैसे चर्चित चेहरों को फॉलो करता है। अकाउंट इसी महीने बनाया गया और इसके संचालक की पहचान सार्वजनिक नहीं है। इस बीच पी. चिदंबरम समेत विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाओं और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की %दिमागी नक्सल% की व्याख्या ने इस मुद्दे को राजनीतिक बहस के साथ-साथ सोशल मीडिया की नई लड़ाई में बदल दिया है। एक्स पर विपक्ष के नेताओं को फॉलो करता है हैंडल- एक्स पर @DNJP_India नाम से मौजूद अकाउंट फिलहाल 15 से ज्यादा अकाउंट्स को फॉलो कर रहा है। इनमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल, यूट्यूबर ध्रुव राठी, कॉमेडियन कुणाल कामरा और अभिनेता प्रकाश राज समेत सोशल मीडिया पर चर्चित कई नाम शामिल हैं।लॉन्च होते ही तेजी से बढ़ी लोकप्रियता- %दिमागी नक्सल पार्टी% के नाम से अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बनाए गए पेज तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। सामने आई जानकारी के मुताबिक, कैंपेन शुरू होने के एक दिन के भीतर ही इसे 50 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स मिल गए थे। इसके बाद इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या खबर लिख तेजी से बढ़ी और यह आंकड़ा 1.5 लाख के पार पहुंच गया। कुछ रिपोर्टों में इंस्टाग्राम अकाउंट के 24 घंटे के भीतर 1.7 लाख से अधिक फॉलोअर्स हासिल करने की बात कही गई है। इस कैंपेन का स्लोगन सोचो, रिसर्च करो, विरोध करो है, जो इसके जरिए राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर सवाल उठाने और विरोध की बात को सामने रखता है।अनुसार, %दिमागी नक्सल पार्टी% नाम वाला अकाउंट इसी महीने बनाया गया था। अकाउंट के लॉग से पता चलता है कि इसका यूजरनेम एक बार बदला भी गया है। इस पर अब तक 63 पोस्ट किए जा चुके हैं और अकाउंट करीब 35 लोगों को फॉलो कर रहा है। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस अकाउंट या पूरे कैंपेन को संचालित कौन कर रहा है। अकाउंट पर इसके संचालक या किसी आधिकारिक संगठन के बारे में स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

# मुकदमें का वांछित 01अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच /भूपेन्द्र तिवारी/ नानपारा- पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश



लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री राज नाथ सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता।

# प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार श्री शरद जोशी जी के निधन पर भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ मध्य प्रदेश ईकाई द्वारा शोक व्यक्त एवं श्रद्धांजलि अर्पित

क्यूँ न लिखूँ सच /हाकम सिंह रघुवंशी/ आज भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय उपेंद्र गौतम जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष घनश्याम दंडोतिया



ने रतलाम पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारीजनों से शोक संवेदना व्यक्त की । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री उपेंद्र गौतम जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अवधेश भार्गव जी द्वारा श्री जोशी जी के निधन पर भेजे गए शोक संदेश से भी परिजनों को अवगत कराया। पत्र के माध्यम से श्री भार्गव जी ने जोशी जी के निधन को पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। अखिल भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ ने परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना की, भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ विदिशा जिला इकाई के द्वारा भी शोक व्यक्त एवं श्रद्धांजलि अर्पित ।

# राष्ट्रीय किसान आपकी आवाज संगठन की नटेरन में बैठक संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच /हाकम सिंह रघुवंशी/ प्रदेश अध्यक्ष महिला मंडल अध्यक्ष मनोरमा दीक्षित जी प्रदेश उपाध्यक्ष शिवानी ji प्रदेश कोषाध्यक्ष अर्चना शर्मा महामंत्री काशीराम अहिरवार जी सचिन महेश पाल जी कमलेश मालवीय basoda तहसील अध्यक्ष राजेश रघुवंशी



किसान संगठन आपकी आवाज नटेरन ×ð´baithak रक्खी गई जिसमें सभी महानुभाव उपस्थित थे किसने की समस्या निवारण हेतु कार्य करने का आह्वान किया और यहीं से जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पत्र जिला अध्यक्ष अशोक रघुवंशी तहसील अध्यक्ष नटेरन सीताराम रघुवंशी को बनाया गया एवं महिला अध्यक्ष तहसील राजकुमारी रघुवंशी खैराई एवं क्षेत्रीय किसान भाई-बहन दर्जनों की संख्या में सम्मिलित हुए एवं नवनियुक्त पदाधिकारी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त राजेश रघुवंशी द्वारा किया ।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991


## ग्राम पंचायत खैराई पंचायत भवन एवं शासकीय प्राथमिक शाला बेलानारा में झंडा वंदन ,भारत माता की जयकारों से गुंजा ग्राम




क्यूँ न लिखूँ सच / मायावती अहिरवार/एमपी विदिशा जिला नटेरन विकासखंड ग्राम पंचायत खैराई पंचायत भवन में झंडा वंदन झंडा बंधन हुआ जिसमें उपस्थित उपसरपंच शैलेंद्र रघुवंशी सरपंच प्रतिनिधि अवतार सिंह और गुड्डु रघुवंशी सहायक सचिव बालकृष्ण विश्वकर्मा शिक्षक रमेश राय, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक निरंजन रघुवंशी, चेनसिंह रघुवंशी, कललु सेन महेश सेन, आदि दर्जनों ग्राम वासी सभी ने राष्ट्रगान का वाचन किया।

ग्राम बेलानारा मैं शासकीय प्राथमिक शाला में झंडा वंदन उत्साहपूर्ण ,पूरे ग्राम के सभी गलियों से तिरंगा झंडा निकला गया ,भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों से गूंजा ग्राम हल्की हल्की बारिश में जयकारा लगाते रहे सभी ने रघुपति राघव राजा राम पति के पावन सीताराम, का गायन किया । तिरंगा झंडा ऊंचा रहे हमारा भारत माता की जय के नारों के साथ झंडा शासकीय प्राथमिक शाला बेलानारा मैं लहराया गया। स्कूल के बच्चों ने कविताएं बहुत सुंदर सुनाई बच्चों को पुरस्कार सरपंच प्रतिनिधि अवतार सिंह गुड्डु रघुवंशी , हाकम सिंह रघुवंशी,द्वारा वितरण काफी पेन बांटे गए, उपस्थित शिक्षक रामस्वरूप कुशवाहा, खिलनसिंह लोधी, सहायक सचिव बालकृष्ण विश्वकर्मा ग्राम के सीनियर नागरिक भैया लाल जाटव, गणपतसिंह जाटव, आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे, मिठाई लड्डू सभी के लिए डबल डबल वितरण किए गए सभी बच्चों की स्कूल भोजन व्यवस्था भी अच्छी बनाई गई जिससे सभी ग्रामीणों में उत्साह प्रसन्नता का माहौल रहा , शिक्षक रामस्वरूप कुशवाहा जी का आज जन्मदिन भी रहा है इसलिए 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ उनको उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं भी सभी ग्राम वासियों द्वारा दी ।

## नाग पंचमी पर मिलावटी दूध नागों को पसंद नहीं आया, एफएसडीए ने बढ़ा दी सख्ती, चलेगा चेकिंग अभियान



क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। दूध और उससे बने उत्पादों में मिलावट के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। एनालॉग डेयरी उत्पादों, हानिकारक रसायनों और विजातीय वसा के इस्तेमाल पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) अब जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई करेगा। लखनऊ में मिलावटी पनीर, खोवा और घी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा, जबकि बरेली में भी सोमवार से डेयरियों और दुग्ध उत्पादों की जांच तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार के निर्देश के मुताबिक, किसी डेयरी या दुग्ध उत्पाद निर्माण इकाई में हानिकारक रसायन अथवा विजातीय वसा पाए जाने पर सिर्फ नमूने पर कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि पूरी इकाई के उत्पाद जब्त कर नष्ट कराए जाएंगे। साथ ही उत्पादन बंद कराने, खाद्य लाइसेंस निलंबित करने और गंभीर मामलों में बीएनएस की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

शासन के निर्देश के बाद बरेली में भी खाद्य सुरक्षा विभाग में डेयरियों और दूध से बने उत्पादों की जांच का अभियान तेज किया। सहायक आयुक्त (खाद्य) सेकेंड राहुल सिंह ने बताया कि दूध, पनीर, खोवा, घी, छेना और क्रीम की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि दूध में हानिकारक रसायन मिलने पर पूरी खेप जब्त कर नष्ट कराने के साथ खाद्य लाइसेंस निलंबित करने और एफआईआर की कार्रवाई की जा सकती है। जरूरत पड़ने पर संबंधित ब्रांड की बिक्री पर भी रोक लगाई जा सकती है। बरेली मंडल में सिंथेटिक दूध, पनीर और मावा की बिक्री को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, कुछ क्षेत्रों में दूध में यूरिया, डिटर्जेंट और अन्य रसायनों की मिलावट की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। सरकार ने साफ किया है कि मिलावट की पुष्टि होने पर कार्रवाई को केवल नमूने तक सीमित नहीं रखा जाएगा। मिलावट के स्रोत, निर्माण प्रक्रिया और इसके लिए जिम्मेदार लोगों तक जांच पहुंचाई जाएगी। इससे दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट के संगठित नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई करने की तैयारी है।


## खाकी परिवार में छाई तीज की बहार, पुलिस परिवार की महिलाओं ने बिखेरी खुशियों की बहार




क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित महिला आरटीसी छात्रावास के सभागार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वावधान में हरियाली तीज कार्यक्रम धूमधाम और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती वानिका आर्य, धर्मपत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

कार्यक्रम में मेहंदी, रंगोली, गजरा मेकिंग, तीज क्विज और पारंपरिक श्रृंगार प्रतियोगिताओं ने महिलाओं का खूब मनोरंजन किया। सावन के लोकगीतों और मनमोहक सांस्कृतिक नृत्यों से सभागार गूंज उठा। महिलाओं ने गीत-संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृति, पारिवारिक एकता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में वामा सारथी प्रभारी महिला उपनिरीक्षक श्रीमती श्रुति सिंह, पुलिस वेलफेयर प्रभारी उपनिरीक्षक जनार्दन कांत सहित टीम मौजूद रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। महिला उपनिरीक्षक श्रुति सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का चयन कर उन्हें मिस तीज के खिताब से सम्मानित किया। हरियाली तीज का यह आयोजन पुलिस परिवार की महिलाओं के लिए प्रतिभा प्रदर्शन, आपसी मेलजोल और खुशियां साझा करने का खूबसूरत मंच बना। पूरे कार्यक्रम में सावन की उमंग, तीज की मस्ती और उत्साह का रंग देखने को मिला।

## आसमान से बरसे फूल, गूंजा 'हर-हर महादेव', कांवड़ियों का हुआ भव्य अभिनंदन



क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। श्रावण माह के तीसरे सोमवार पर नाथ नगरी बरेली के सातों नाथ मंदिरों और कांवड़ मार्गों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर शिवभक्तों का अभिनंदन किया गया। आसमान से बरसते फूलों के बीच कांवड़ियों ने 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से माहौल शिवमय कर दिया। पुलिस लाइन से सुबह करीब 9 बजे शुरू हुआ पुष्पवर्षा का सिलसिला दोपहर 12-30 बजे तक चला। डीआईजी अजय कुमार सहानी, मंडलायुक्त शम्भू कुमार, जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य समेत पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर से हवाई निरीक्षण करते हुए कांवड़ियों व श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हेलीकॉप्टर ने कुल सात बार उड़ान भरकर नाथ मंदिरों, कांवड़ मार्गों और भमौरा रोड पर पुष्पवर्षा की। फूलों की बारिश होते ही कांवड़ियों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। अधिकारियों ने यह भी देखा कि यात्रा मार्गों और मंदिरों में श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों में करीब 12 से 15 लाख श्रद्धालु बरेली पहुंच चुके हैं। सड़क मार्ग से लगातार सेवा-सत्कार के साथ तीसरे सोमवार पर हवाई पुष्पवर्षा कर शिवभक्तों का सम्मान किया गया। आसमान से फूल और धरती पर 'हर-हर महादेव' के जयघोष ने कांवड़ यात्रा के इस दृश्य को यादगार बना दिया।।

## कलेक्ट्रेट में शान से लहराया तिरंगा, डीएम ने दिलाया राष्ट्रसेवा का संकल्प



क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इसके बाद अधिकारियों, कर्मचारियों व गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रगान गाया। जिलाधिकारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और बलिदानियों को नमन किया। अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। प्रत्येक नागरिक को एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के साथ पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। भाषावाद, क्षेत्रवाद और जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद को अपनाने तथा अपनी संस्कृति, सभ्यता और बुजुर्गों का सम्मान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में देश के प्रत्येक नागरिक को योगदान देना होगा। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्राओं, शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों व होमगार्ड जवानों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम वित्त/ राजस्व संतोष कुमार सिंह, एडीएम नगर अविनाश त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन व पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने बदायूं रोड पर किया कांवड़ यात्रियों का स्वागत



क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । सावन के पावन अवसर पर शिवभक्त कांवड़ यात्रियों के स्वागत एवं सेवा के लिए पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन एवं पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन की ओर से बदायूं रोड स्थित कुंवर रिजॉर्ट के सामने बालाजी इंटरप्राइजेज पर विशाल भंडारा एवं स्वागत शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन एवं पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने स्वयं शिवभक्तों और कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया तथा अपने हाथों से फल, पानी की बोतलें एवं भंडारे का प्रसाद वितरित किया। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कांवड़ यात्रियों ने शिविर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव भी भंडारे एवं सेवा शिविर में शामिल हुए। उन्होंने पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन एवं पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन के साथ शिवभक्त कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया तथा श्रद्धालुओं को अपने हाथों से भंडारे का प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि बरेली की परंपरा हमेशा से आपसी भाईचारे और सद्भाव की रही है। यहां आने वाले कांवड़ यात्रियों का सम्मान एवं सेवा करना समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी शिवभक्तों की यात्रा मंगलमय एवं सुखद होने की कामना की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन एवं पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन ने शिवभक्तों के साथ कांवड़ भी उठाई और कांवड़ यात्रियों के साथ चलकर उनका उत्साह बढ़ाया। 'हर-हर महादेव', 'बोल बम' और 'जय श्री राम' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

## संक्षिप्त समाचार

### घर के बाहर खेल रही बच्ची को कुत्तों ने हमला कर मार डाला



क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । सीबीगंज थाना क्षेत्र के लटूरी गांव में रविवार दोपहर घर के बाहर खेल रही 6 वर्षीय बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है और पूरे गांव में दहशत का माहौल है। इशाक खां की छह वर्षीय बेटी इनायत घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची की चीखपुकार सुनकर आसपड़ोस के लोगों पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को वहां से भगाया लेकिन तबतक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। परिजन उसे तत्काल ग्राम अटाकायस्थान के पास स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीबीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर हल्का लेखपाल भी मौजूद रहे। बच्ची की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के इलाकों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### नाले में ई-रिक्शा गिरने से चालक समेत 5 लोग घायल : कांवड़ मार्ग पर जलभराव से परेशानी

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। सड़को पर जलभराव के चलते नाले में ई-रिक्शा गिर गया जिसमें पांच घायल हो गए। बताते चलें कि बरेली में सुबह और रात हुई बारिश के बाद निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। सुभाष नगर की तिलक कॉलोनी में एक ई-रिक्शा नाले में गिर गया। हादसे में चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल पानी में उतरकर घायलों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल भेजा। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कांवड़ मार्ग पर भी जलभराव से परेशानी- बरेली-बदायूं कांवड़ मार्ग पर भी बारिश के बाद जलभराव की समस्या सामने आई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, थोड़ी बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है और कांवड़ियों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बारिश के दौरान नाले का पानी सड़क पर फैलने से राहगीरों और कांवड़ियों को काफी परेशानी होती है।

### जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील कैसरगंज में सम्पन्न हुआ 'सम्पूर्ण समाधान दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच /भूपेन्द्र तिवारी/ जनपद की समस्त तहसीलों में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी बहराइच श्री अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया।

महोदय द्वारा प्राप्त जनशिकायतों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए तथा नियमानुसार एवं समयबद्ध ढंग से उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, निस्तारित प्रार्थना-पत्रों की आख्या निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। गंभीर एवं जटिल प्रकृति की कुछ शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया, जिससे स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी कैसरगंज, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राउत का भाजपा पर हमला, बोले- कांग्रेस ने दिलाया वंदे मातरम को सम्मान; शाह को क्या दी सलाह?

कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम गाने को लेकर हुए विवाद पर शिवसेना नेता संजय राउत ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम को सम्मान दिलाने में कांग्रेस की भूमिका रही है और अमित शाह को इतिहास पढ़ना चाहिएकांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के कथित अपमान को लेकर जारी विवाद पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बनाई हुई कहानी बताया। उन्होंने दावा किया कि वंदे मातरम को आज जो सम्मान मिला है, वह कांग्रेस ने ही दिलाया है। संजय राउत ने क्या कहा?- संजय राउत ने कहा, यह सब भाजपा की बनाई हुई कहानी (नैरेटिव) है। वंदे मातरम को जो सम्मान मिला है, वह कांग्रेस ने ही दिलाया है। गृह मंत्री अमित शाह को बताया व्यापारी- उन्होंने कहा, 1896 में जब के एक अधिवेशन में वंदे मातरम गाया गया था, तब कांग्रेस के अध्यक्ष एक मुस्लिम व्यक्ति रहिमतुल्ला सयानी थे। (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह को इतिहास पढ़ना चाहिए। भारत के स्वतंत्रता संग्राम, वंदे मातरम और राष्ट्रगान से उनका क्या संबंध है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे से बात करते और इशारा करते देखा गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने वंदे मातरम को बीच में रोकने का संकेत दिया और इसे राष्ट्रीय गीत का अपमान बताया। गृह मंत्री अमित शाह ने भी कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की। कांग्रेस ने आरोप खारिज करते हुए कहा कि सोनिया गांधी गीत रुकवाने के लिए नहीं, बल्कि काफी देर से खड़े खरगे के लिए कुर्सी मंगाने का इशारा कर रही थीं। अब इसी पर बवाल कटा है। भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 15 अगस्त का कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का एक वीडियो साझा किया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी, राहुल गांधी दिखाई दे रहे हैं। भाजपा का दावा है कि वंदे मातरम गाए जाने के दौरान सोनिया गांधी और राहुल गांधी असहज दिखाई दिए।

## दस्तयाबी कार्यवाही पूर्ण कर बालिका को बाल कल्याण समिति शिवपुरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ दिनांक 08.05.26 को फरियादी उम्र 40 साल निवासी मानपुर थाना पिछोर ने थाना पिछोर पर रिपोर्ट किया कि मेरी लड़की रात्रि के समय बिना बताये घर से कहीं चली गई , जिसकी तलाश करने पर नहीं मिली, जिस पर से थाना पिछोर पट अपराध क्रमांक 199/26 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया जी के द्वारा जिले में गुम एवं अपहृत हुईं नाबालिक बालक बालिकाओं की दास्तयावी हेतु तुरंत कार्यवाही कर जल्द से जल्द दास्तयाब करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी जी के द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री आर.डी. प्रजापति एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना पिछोर पुलिस व्दारा बालिका की दस्तयाबी हेतु सतत कार्यवाही करते हुए अपहृता की तलाश की गई एवं मुखबिर सूचना से आज दिनांक 17.08.26 को अपहृता को पुलिस व्दारा विधिवत दस्तयाब किया जाकर कार्यवाही पूर्ण कर बाल कल्याण समिति शिवपुरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रदीप नरवरिया, एनआरएस नंदिनी राजा की सराहनीय भूमिका रही।

